देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 165 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**

ट्रूडो का गैरजिम्मेदार रवैया



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 6 अक्टूबर 2023



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम — अधिकतम 29.0⁰ न्यूनतम 22.0⁰

66023.69

2 अमेरिकी राजदूत की बाइडन को चेतावनी

7 साउथ अफ्रीका सबसे बड़ा दावेदार


# मोदी आएगा तो सब ठीक हो जाएगा: पीएम

## जोधपुर से जबलपुर तक कांग्रेस पर प्रधानमंत्री के तीखे वार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जोधपुर। राजस्थान में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी एक्टिव मोड में है। पीएम मोदी ने इसी सिलसिले में गुरुवार को जोधपुर में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा। जनसभा शुरू करने से पहले मोदी ने राजस्थान की जनता को करीब पांच हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी।

मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज जोधपुर और मारवाड़ के लोगों को कई उपहार एक साथ मिले हैं। एक उपहार की तैयारी तो मैं पहले ही दिल्ली से करके आया हूं। कल ही भाजपा सरकार ने तय किया है कि अब उज्ज्वला की लाभार्थी बहनों को केंद्र सरकार की तरफ से गैस सिलेंडर सिर्फ 600 रुपये में मिलेगा। हम राजस्थान के कोने–कोने में विकास को पहुंचा कर रहेंगे। इसलिए राजस्थान कह रहा है– भाजपा आएगी, राजस्थान में खुशहाली लाएगी। चुनाव के समय बेरोजगारी भत्ते का वादा करने वाली कांग्रेस ने यहां के युवाओं को पेपर लीक माफिया के हवाले कर दिया। ऐसे हर पेपर लीक माफिया के खिलाफ भाजपा सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।



### विकास के टॉप पर आए एमपी, ये मोदी की गारंटी है

प्रधानमंत्री गुरुवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर दौरे पर रहे। यहां उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती के स्मारक का शिलान्यास किया। साथ ही 12 हजार करोड़ की परियोजनाओं की भी शुरुआत की। पीएम ने कहा, मध्य प्रदेश आज एक ऐसे मुहाने पर है, जहां विकास में कोई रुकावट और गिरावट नहीं है। आने वाले 25 साल में विकास की गति और बढ़ने वाली है। आने वाले समय से हमारा मध्य प्रदेश आन, बान और शान वाला होगा। भाजपा की डबल इंजन सरकार के लिए वंचितों का कल्याण प्राथमिकता है। भाजपा सरकार गरीबों की सरकार है। कुछ लोग अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिए प्रपंच कर रहे हैं। लेकिन, एमपी विकास में टॉप पर आएगा ये मोदी की गारंटी है।

**अशोक गहलोत पर निशाना:** पीएम ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर सीधा हमला भी बोला। मोदी ने कहा, आज मैंने जोधपुर में विकास के अनेक कार्यक्रमों का शिलान्यास किया, लेकिन मुख्यमंत्री गायब थे, क्योंकि उन्हें भरोसा है कि मोदी आएगा तो सब ठीक हो जाएगा। मैं भी उन्हें कहता हूं कि आप विश्राम कीजीए अब हम संभाल लेंगे।

**लाल डायरी का जिक्र:** मोदी ने रैली के दौरान चर्चित लाल डायरी का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि आप सबने लाल डायरी के बारे में सुना है। लोग कहते हैं कि कांग्रेस के करप्शन की हर काली करतूत इस लाल डायरी में दर्ज हैं। अगर आप चाहते हैं कि इस लाल डायरी का राज सामने आए, तो आपको यहां भाजपा सरकार बनाना जरूरी है।

**भ्रष्टाचार, दंगे में राजस्थान टॉप पर:** केंद्र की सरकार अपनी तरफ से राजस्थान के विकास के लिए हर कोशिश कर रही है, लेकिन यहां की स्थिति देखकर दुख होता है। पिछले पांच साल में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और दंगों के मामले में राजस्थान को टॉप पर पहुंचा दिया है। कांग्रेस ने महिलाओं और दलितों के विरुद्ध अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर 1 बना दिया है।

### भारत को गाली देने लगे ये लोग

मोदी ने कहा– पूरी दुनिया भारत का गुणगान कर रही है। लेकिन, जिस राजनीतिक दल पर स्वार्थ हाबी हो गया हो, जिनका सब लुट गया है, उन्हें कुर्सी के सिवाय कुछ नहीं दिखता है। भाजपा को गाली देते देते ये लोग अब भारत को गाली दे रहे हैं। देश का अपमान कर रहे हैं। इन लोगों ने हमारे डिजिटल इंडिया अभियान का मजाक उड़ाया, अब परिणाम सबके सामने हैं। इन लोगों ने कोरोना वैक्सीन पर भी सवाल उठाकर देश के वैज्ञानिकों का भी अपमान किया। आजादी के बाद जो दल सरकार में दशकों तक बैठा रहा, उसने सिर्फ एक परिवार की चरण वंदना करने का काम किया। देश की परवाह नहीं की।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आतंकवाद के पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने की बात कही। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि हमें न केवल आतंकवाद से लड़ने की जरूरत है, बल्कि इसके पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को भी खत्म करने की जरूरत है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह दो दिवसीय तीसरे आतंकवाद विरोधी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### बीजेपी ने राहुल गांधी को नए युग का रावण बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भाजपा ने गुरुवार को राहुल गांधी को दशानन के रूप में दर्शाते हुए एक तस्वीर साझा की और उन्हें श्नए युग का रावणश करार दिया, जिस पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि यह उसके पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ हिंसा भड़काने का प्रयास है, लेकिन वह इससे डरने वाली नहीं है। बीजेपी ने कांग्रेस नेता की तस्वीर साझा करते हुये लिखा, नए युग का रावण यहां है।

# आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं कनाडाई दूत: एमईए

## कम करनी होगी राजनयिकों की संख्या, निकालने पर अड़ा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने एक बार फिर से साफ लहजे में कहा है कि कनाडा को अपने राजनयिकों की संख्या कम करनी ही होगी। भारत का कहना है कि यहां उसके इतने राजनयिक होने चाहिए जितने की भारत के कनाडा में है। भारत इस मामले में बराबरी चाहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि राजनायिकों के मामले को लेकर कनाडा के साथ बात जारी है और उनकी संख्या कम होगी। उन्होंने ये भी कहा कि कनाडा के राजनायिक भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कनाडाई राजनयिकों की संख्या में कमी से भारत में कनाडाई उच्चायोग द्वारा जारी किए जाने वाले वीजा की संख्या में कमी देखी जा सकती है? इस पर बागची ने कहा, यह कनाडाई पक्ष पर निर्भर है कि वे उच्चायोग के कर्मचारियों के लिए किसे चुनते हैं। हमारी चिंताएं राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने से संबंधित हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत का प्राथमिक ध्यान दो चीजों पर हैय कनाडा में ऐसा माहौल होना, जहां भारतीय राजनयिक ठीक से काम कर सकें और कूटनीतिक ताकत के मामले में समानता हासिल कर सकें।

उन्होंने आगे कहा कि यूके में दो अक्तूबर को एक विरोध प्रदर्शन हुआ था और हमने निश्चित रूप से वहां राजनयिकों और परिसरों की सुरक्षा पर अपनी चिंताओं को यूके के अधिकारियों के सामने उठाया है। हमारा मुद्दा सुरक्षा का है और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि हमारे राजनयिक सामान्य रूप से कार्य करने में सक्षम हैं।

### क्या चाहता है भारत

बागची ने साप्ताहित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, षसमानता को लेकर चर्चा हुई। यहां (उनके) राजनयिकों की बहुत अधिक उपस्थिति है। वे हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। यह सब देखते हुए, हमने अपनी–अपनी राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की है। इसे हासिल करने के लिए चर्चा चल रही है। यह देखते हुए कि कनाडाई राजनयिकों की उपस्थिति यहां अधिक है, इसलिए हम मानते हैं कि इसमें कमी होगी।

# संजय सिंह को 5 दिन की ईडी रिमांड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को 5 दिनों की रिमांड पर भेजा है। प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में 10 दिनों की रिमांड की मांग की थी। हालांकि, ईडी को महज 5 दिनों की रिमांड मिली है। अदालत में संजय सिंह को लेकर सुनवाई के दौरान वकील ने अपना पक्ष रखा। संजय सिंह की और से अदालत में मौजूद मोहित माथुर ने कहा, इस मामले में जांच जारी है और कभी खत्म नहीं होगी। मोहित माथुर ने आगे कहा, दिनेश अरोड़ा इस मामले में मुख्य आरोप है, उसे पहले इन्हीं एजेंसियों ने आरोपी के तौर पर पकड़ा था। बाद में वह मामले में सरकारी गवाह बन गया। रिमांड पर भेजे जाने के बाद संजय सिंह ने कहा कि यह झूठा और आधारहीन केस है। हम डरेंगे नहीं, हम लड़ेंगे। अब आप नेता 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड पर रहेंगे।

संजय सिंह ने कहा कि मोदी जितना अत्याचार करें, कोई दिक्कत नहीं। अदालत का फैसला आने से पहले आप सांसद संजय सिंह के पिता दिनेश सिंह ने कहा था, फैसला अभी सुरक्षित है, अभी परिणाम आ जाएगा। मेरा अनुमान है कि रिमांड 1 हफ्ते की होगी। इससे पहले संजय सिंह की रिमांड पर सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत में कहा कि संजय सिंह का डिजिटल सबूतों से आमना–सामना कराना है।

### रिमांड

■कोर्ट से निकल कही अत्याचार वाली बात

### ये लोग सारे झूठे केस लगा रहे: सीएम केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, ष्ये लोग सारे झूठे केस लगा रहे हैं। इतने केस लगा लिए, इतनी जांच कर ली लेकिन कुछ निकलता तो है नहीं। इस जांच–जांच के खेल में सबका समय खराब होता है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पहाड़ों पर फिर होगी जोरदार बारिश

### दिल्ली–एनसीआर पर भी असर, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में मौसम एकबार फिर बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने 9 अक्टूबर को जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान पहाड़ों पर आंधी और वज्रपात का भी अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक, 08 अक्टूबर की रात से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत पर दस्तक देगा। इससे हिमालयी राज्यों में मौसम बदलेगा और जोरदार बारिश होगी। इसका असर दिल्ली पर भी नजर आएगा।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि गंगीय पश्चिम बंगाल के पश्चिमी भागों बना निम्न दबाव का क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके प्रभाव के कारण उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। यही नहीं एक ताजा पश्चिमी विक्षोभी पश्चिमी हिमालय के पहाड़ों पर भी दस्तक देगा। इससे पहाड़ी राज्यों जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मौसम बदल जाएगा।

## न्यूज डायरी



### 1 अरब यात्रियों को पवित्र स्थल तक लाने की योजना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू (नेपाल)। तिब्बत में कैलाश मानसरोवर तक पहुंचने के लिए हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए सबसे छोटे मार्ग पर निर्भर नेपाल ने चीन के साथ समझौता होने के बाद 1 अरब यात्रियों को पवित्र स्थल तक लाने की योजना बनाई है। इसकी जानकारी विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद ने गुरुवार को दी। तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के नगरी प्रान्त में स्थित, कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा को दुनिया भर के हिंदुओं द्वारा सबसे पवित्र माना जाता है। दो प्राकृतिक पवित्र स्थान बौद्धों, जैनियों और तिब्बत के स्वदेशी बोनपा विश्वासियों द्वारा भी पूजनीय हैं। सऊद की महत्वाकांक्षी योजना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया भर से बड़ी संख्या में भारतीय हिंदू नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए जाना पसंद करते हैं। वास्तव में, जो भारतीय भी समय बचाना चाहते हैं और भारतीय इलाके के माध्यम से कठिन यात्रा से बचना चाहते हैं, वे निजी ऑपरेटरों के माध्यम से नेपाल के रास्ते जाना पसंद करते हैं। यह नेपाल सरकार के लिए एक समृद्ध विदेशी मुद्रा में तब्दील हो जाता है।

### भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करने वाला शख्स गिरफ्तार, जमानत पर छूटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में इसी साल मार्च में हुए भारतीय उच्चायुक्त पर हमले के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को इंडिया हाउस के बाहर एक प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उसे 19 मार्च को एक विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में पकड़ा गया था। पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया। समाचार एजेंसी ने बताया कि पुलिसकर्मी प्रदर्शन के बाद एक ब्रिटिश सिख को पकड़कर ले जाते देखे गए। ये प्रदर्शन आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडा की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने मामले में ब्रिटिश सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि भारतीय उच्चायोग के बाहर 2 अक्टूबर को प्रदर्शन के दौरान हिंसा के शक में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसी जगह 19 मार्च को भी विरोध प्रदर्शन हुए थे। बयान में आगे कहा गया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और फिर उसे जमानत दे दी गई।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर लगाया विस्फोट में शामिल होने का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। पाकिस्तान में इस साल में अब तक 24 आत्मघाती बम विस्फोट हुए हैं। जिसे लेकर पाकिस्तान का कहना है कि इन 24 हमलों में से 14 हमलों में अफगान शरणार्थी शामिल रहे हैं। पाकिस्तान के इस आरोप के बाद तालिबान ने पाकिस्तानी अधिकारियों के इस दावे को खारिज कर दिया है। बता दें कि पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि देश में हाल ही में हुए आत्मघाती बम विस्फोटों में अफगान शरणार्थी शामिल थे। इसकी जानकारी टोलो न्यूज की एक रिपोर्ट के माध्यम से दी गई है। तालिबान प्रशासन के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया एक्सइ पर कहा कि इन हमलों में अफगान शरणार्थी शामिल नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस्लामाबाद अफगान शरणार्थियों को परेशान करना चाहता है। उन्होंने कहा, हम इस बात से इनकार करते हैं कि अगर शरणार्थी पाकिस्तान में बस गए होते तो उन्होंने उस देश में किसी भी हमले और घटना को अंजाम दिया होता।

### लाहौर में पहुंचे शहबाज को लोगों ने घेर लिया और अपशब्द कहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में चुनाव होने वाले हैं। उससे पहले शहबाज शरीफ प्रचार में लग गए हैं। लेकिन इमरान खान के बाद जिस तरह एक साल से ज्यादा उन्होंने पाकिस्तान को संभाला उससे लोग नाखुश हैं। यही कारण है कि अब उनका सड़कों पर उतरना मुश्किल होता जा रहा है। शहबाज शरीफ लाहौर पहुंचे तो उन्हें लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान में शासन की कमी और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से गुस्साए लोगों ने उनसे दुर्व्यवहार किया।

# कनाडा के चक्कर में भारत के साथ रसातल में जा सकते हैं रिश्ते

**चेतावनी**

## अमेरिकी राजदूत एरिका गार्सेटी ने बाइडन को दी चेतावनी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। कनाडा जहां भारत से सहयोग की मांग रहा है, वहीं मोदी सरकार ने जस्टिन ट्रूडो से उनके आरोपों पर सबूत मांगा है। ट्रूडो सरकार अब तक भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के एजेंट के शामिल होने को लेकर कोई ठोस सबूत नहीं दे सकी। इस पूरे मामले को लेकर अमेरिका का बाइडन प्रशासन दबाव बना रहा है। कनाडा को अमेरिका ने ही खुफिया सबूत दिया था। अब अमेरिका के भारत में राजदूत एरिक गार्सेटी ने चेतावनी दी है कि कनाडा के चक्कर में भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते रसातल में जा सकते हैं।

पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक गार्सेटी ने अपने देश की बाइडन प्रशासन की टीम से कहा है कि कनाडा के साथ चल रहे राजनयिक विवाद की वजह से भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते कुछ समय के लिए रसातल में जा सकते हैं। गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका को भारतीय अधिकारियों के साथ अपने संपर्क को एक अनिश्चित समय तक के लिए कम करना होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस चेतावनी के बाद अब अमेरिका सतर्क हो गया है। वहीं विदेश मंत्रालय ने गार्सेटी के इस बयान पर चुप्पी साध ली है।


**भारत का सख्त रुख, घुटनों पर आया कनाडाः** इस बीच रिपोर्ट में बाइडन प्रशासन के सदस्यों के हवाले से दावा किया गया है कि पीएम मोदी सरकार के साथ बाइडन प्रशासन के रिश्ते आने वाले समय में परेशानी भरे हो सकते हैं। खालिस्तान आतंकियों को लेकर पिछले कुछ समय से भारत और कनाडा के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री के बेबुनियाद आरोप लगाने के बाद भारत ने भी जोरदार पलटवार किया है। भारत ने कनाडा के 40 राजनयिकों को देश छोड़कर जाने के लिए कहा है।

भारत के इस सख्त रुख के बाद अब कनाडा के प्रधानमंत्री घुटनों पर आ गए हैं और कह रहे हैं कि वह भारत के साथ विवाद को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। वहीं कनाडा की विदेश मंत्री ने है कि वह राजनयिक विवाद में भारत के साथ प्राइवेट बातचीत करना चाहती हैं। भारत और कनाडा दोनों ही अमेरिका के घनिष्ठ सहयोगी हैं।

भारत जहां हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चीन का मुकाबला कर रहा है, वहीं कनाडा अमेरिका का नाटो गठबंधन वाला पड़ोसी देश है। इस वजह से बाइडन सरकार बुरी तरह से फंसी हुई है। भारत ने कनाडा के आरोपों को खारिज किया है और अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ मुलाकात में जयशंकर ने भारत का पक्ष खुलकर रखा है। निज्जर की 18 जून को कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## पाकिस्तानी मीडिया पर कब्जा करना चाहता था चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत में चल रहे न्यूज क्लिक विवाद के बीच अमेरिका ने खुलासा किया है कि चीन अपने आयरन ब्रदर पाकिस्तान की मीडिया पर कब्जा करना चाहता है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि चीन ने एक ऐसा तंत्र बनाया है जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में उसके दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जाए। चीन चाहता है कि पाकिस्तानी मीडिया पर उसकी मजबूत पकड़ हो जाए। यही नहीं चीन अब रूस के साथ मिलकर सूचना के क्षेत्र में काम कर रहा है। चीन अपने खिलाफ आई किसी भी रिपोर्ट का जवाब देने के लिए अन्य पार्टनर्स के साथ मिलकर काम करने का प्रयास किया है। अमेरिका ने कहा कि अन्य पार्टनर देशों में पाकिस्तान प्रमुख है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के साथ मिलकर चीन फर्जी सूचनाओं से निपटने पर सहयोग कर रहा है। इसमें चाइना पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर मीडिया फोरम भी शामिल है। चीन और पाकिस्तान दोनों ने मिलकर इस मीडिया फोरम का इस्तेमाल उन खबरों से निपटने के लिए कर रहे हैं जिसे वे दुष्प्रचार और दुर्भावनापूर्ण सूचना मानते हैं। दोनों देशों ने सीपीईसी रैपिड रेस्पांस इन्फारमेशन नेटवर्क भी बनाया है।



**नासा वैज्ञानिकों ने खोला पिटारा, दिखा अंतरिक्ष का खजाना**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के करीब के एस्टेरॉयड बेन्नू की पहली झलक देखी है। वैज्ञानिकों को उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा अच्छा नमूना मिला है। हाल ही में उल्कापिंड बेन्नू का सैंपल एक कैप्सूल के जरिए धरती पर पहुंचा है। 26 सितंबर को वैज्ञानिकों ने जब नमूने वाला कनस्तर खोला तो उन्होंने भारी मात्रा में गहरे महीन दाने वाली सामग्री खोजी। कनस्तर की दीवारों पर धूलभरे कण थे। मूल नमूने का विश्लेषण करने से पहले यह धूल जैसे कण एस्टेरॉयड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दे सकता है। अभी बड़े सैंपल वाले कनस्तर को नहीं खोला गया है। सैंपल भरा कैप्सूल 24 सितंबर को अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में लैंड हुआ। नासा ने उल्कापिंड बेन्नू के लिए ओसाइरिस रेक्स मिशन चलाया था।

## कश्मीर में नए पनबिजली प्रॉजेक्ट शुरू करने पर भड़का पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। जम्मू–कश्मीर में चिनाब नदी पर भारत ने दो नई पनबिजली परियोजनाओं की शुरुआत की है। इनका नाम किरू और क्वार है। भारत के पनबिजली परियोजनाओं पर पाकिस्तान भड़क उठा है।

पाकिस्तान ने भारत के डिजाइन पर आपत्ति जताई है और दावा किया है कि यह साल 1960 में हुई सिंधु जलसंधि का उल्लंघन है। भारत और पाकिस्तान पहले ही किशनगंगा और रतले हाइड्रोपावर प्रॉजेक्ट की डिजाइन को लेकर अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस ताजा विवाद से एक बार फिर से दोनों देशों के बीच विवाद गरमा गया है। भारत की ये परियोजनाएं पाकिस्तान में बहने वाली नदियों पर बनाई जा रही हैं। पाकिस्तान ने हाल ही में सिंधु जल आयोग के स्तर पर भारत के साथ बातचीत में कश्मीर में किरू और क्वार जलविद्युत परियोजनाओं के डिजाइन पर आपत्ति जताई है। किरू जलविद्युत परियोजना की क्षमता 624 मेगावाट और क्वार जलविद्युत परियोजना की क्षमता 540 मेगावाट है।

**हेग में कानूनी लड़ाई लड़ रहे भारत और पाकिस्तान**

सिंधु जल संधि के नियमों के तहत भारत अपनी पनबिजली परियोजनाओं का डिजाइन पाकिस्तान के साथ साझा करने के लिए बाध्य है। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस पूरे मामले में कहा, हां, भारत ने कुछ दिन पहले हमसे दो और पनबिजली परियोजनाओं के डिजाइन साझा किए हैं, जिन्हें वह चिनाब नदी पर बनाने की योजना बना रहा है। हमने दोनों परियोजनाओं के डिजाइन पर अपनी आपत्तियां दर्ज की हैं, जिनमें स्पिलवे, फ्रीबोर्ड और पोंडेज शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान की बार–बार आपत्तियों के बावजूद अपनी परियोजनाओं के डिजाइन में सिंधु जल संधि के डिजाइन–संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन दोहरा रहा है। परियोजना को लेकर हेग में मध्यस्थता अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

### मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मुइज्जू से मिले भारतीय उच्चायुक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव में भारत के उच्चायुक्त ने देश के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश सौंपा। मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त मुनू महावर ने कहा कि भारत द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए मालदीव के नये नेतृत्व के साथ सार्थक चर्चा के लिए उत्सुक है। मुइज्जू ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में शनिवार को भारत–समर्थक इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया। मुइज्जू मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के करीबी सहयोगी हैं, जिन्होंने 2013 से 2018 तक राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान चीन के साथ घनिष्ठ संबंध तैयार किए थे। महावर ने एक्स पर कहा, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ से मुलाकात कर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से उन्हें शुभकामना संदेश सौंपा।

**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# लंबित वादों को प्राथमिकता पर लक्ष्य निर्धारित कर निस्तारित करने के निर्देश

**बैठक**

## जिलाधिकारी ने ली राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने बैठक में क्रमवार राजस्व/रेगुलर पुलिस, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग, दैवीय आपदा, राजस्व वसूली, विवादित वाद आदि के तहत अद्यावधि तक की गई कार्रवाई एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील स्तर आयोजित कोर्ट, दायर वाद, निस्तारित वाद की जानकारी लेते हुए नियमित कोर्ट लगाने और 06 माह अधिक लंबित वादों को प्राथमिकता पर लक्ष्य निर्धारित कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विविध देयकों में प्राथमिकता पर वसूली करते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जाए।



दैवीय आपदा में जारी धनराशि का वितरण करते हुए प्रभावित परिवारों का शीघ्र विस्थापन किया जाए। तहसीलों के आवासीय भवनों के निर्माण में तेजी लाई जाए। थराली, कर्णप्रयाग तथा गैरसैंण उप जिलाधिकारी को अपने क्षेत्रान्तर्गत निरीक्षण बढाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्धारित अवधि में निर्गत करना सुनिश्चित करें। कहा कि इसकी प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाएगी। अपणु स्कूल अपणो प्रमाण पत्र के तहत भी जनपद में 11वीं कक्षा के शत प्रतिशत छात्रों के प्रमाण पत्र बनाए जाए।

जिलाधिकारी ने परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि ओवर स्पीड, ओवल लोडिंग, नशा करके वाहन का संचालन आदि अभियोग में पुलिस व राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग करके चालान में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। खनन अधिकारी को अवैध खनन रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई करने, खनन मामलों में जारी नोटिस के सापेक्ष राजस्व वसूली करने तथा कार्यदायी संस्थाओं के साथ कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी कर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया जाए। बैठक में फौजदारी वाद, राजस्व पुलिस में लम्बित वाद, वाणिज्य कर, स्टांप तथा निबंधन, ऑडिट आपत्ति, पेंशन प्रकरण, शिकायत प्रकोष्ठ, सीएम हेल्पलाइन आदि प्रकरणों समीक्षा भी की गई।

इस दौरान बताया गया कि नियमित पुलिस के अन्तर्गत 694 तथा राजस्व पुलिस के अन्तर्गत 481 ग्राम है। राजस्व क्षेत्रों में इस वर्ष दर्ज 23 एवं पूर्व में लंबित 6 अपराधों सहित कुल 29 मामले दर्ज है। जिसमें से 21 नियमित पुलिस को हस्तांतरित किए गए है। नागरिक पुलिस क्षेत्रान्तर्गत हत्या, डकैती, बलात्कार आदि मामलों में 150 अपराध दर्ज हुए है। फौजदार के 57 मामलों में से 06 निस्तारित हो चुके है।

## न्यूज डायरी

### मन्दिर समिति की तहरीर पर अज्ञात के नाम मुकदमा हुआ दर्ज

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 07 पुरोला–गुंदियाटगांव मोटर मार्ग के समीप स्थित कुमुदेश्वर नागराज मन्दिर में चोरों ने दानपात्र तोड़ कर हजारों की नगदी पर हाथ साफ किया। बुधवार रात्रि को पुरोला नगर पंचायत के वार्ड 7 क्षेत्र में स्थित कुमुदेश्वर नागराज मन्दिर में मुख्य गेट का ताला तोड़ मन्दिर के अंदर रखा दान पात्र तोड़ा जिसमे से भेंट व चढ़वा की गयी हजारों की नगदी ले गए। मन्दिर समिति अध्यक्ष मदन नेगी ने जानकारी देते हुए कहा कि बुद्धवार रात को किसी ने मन्दिर के मुख्य गेट का ताला तोड़ा जिसमे 40 हजार लगभग की नगदी होने की संभावना है क्योंकि मन्दिर का दानपात्र पिछले तीन माह से नही खोला गया था। उन्होंने बताया कि दानपात्र मन्दिर के अंदर शिवलिंग के समीप ही स्थापित किया गया था जिसको तोड़ कर चोरों ने सारी नगदी चुरा ली। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पहाड़ों में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय लोगों को पहल करने की अपील की,कहा कि पुलिस से शिकायत की गई है।

### कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी जागेश्वर के शौकियाथल पहुंचे

**संवाददाता** अल्मोड़ा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी जागेश्वर के शौकियाथल पहुंचे। जहां उन्होंने पीएम मोदी के संभावित दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री के जागेश्वर के संभावित दौरे के लेकर जो तैयारियां प्रशासन द्वारा की जा रही हैं, उसका जायजा मंत्री द्वारा लिया गया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने शोकियाथल पहुंचकर हेलीपैड की व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, ब्लॉक प्रमुख समेत अन्य अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मिंत्रा बिग फैशन फेस्टिवल की शुरुआत 7 अक्टूबर से होगी

**संवाददाता** देहरादून। मिंत्रा ने अपने सबसे बड़े फेस्टिव फैशन महोत्सव, बिग फैशन फेस्टिवल की घोषणा कर दी है। मिंत्रा के बीएफएफ के इस चौथे संस्करण में फैशन, ब्यूटी, और लाइफस्टाइल के 6000 से ज्यादा ब्रांडों के 23 लाख से अधिक स्टाइल मिलेंगे। इस फैशन कार्निवल में 80 लाख से ज्यादा ग्राहकों द्वारा खरीददारी किए जाने का अनुमान है। प्लेटफॉर्म का यह प्रमुख वार्षिक फेस्टिव शॉपिंग बोनांजा 7 अक्टूबर से शुरू होगा। इस महोत्सव में गैर–मेट्रो शहरों के ग्राहकों के पसंदीदा ब्रांडों के 5 लाख से ज्यादा नये स्टाइल एकत्रित किए गये हैं।

## आयुक्त गढ़वाल मंडल ने तीर्थ पुरोहितों को पूर्ण हक दिलाने का दिया आश्वासन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत निर्माण एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं इस संबंध में तीर्थ पुरोहितों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त गढ़वाल मंडल से भेंट कर अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने तीर्थ पुरोहितों की समस्याओं को सुनते हुए उचित समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने तीर्थ पुरोहितों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट केदारनाथ पुनर्निर्माण में पूर्ण सहयोग देने की अपेक्षा की।

जनपद भ्रमण पर पहुंचे गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय का जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने जनपद आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर आयुक्त गढ़वाल मंडल से तीर्थ पुरोहितों का प्रतिनिधि मंडल ने जिला कार्यालय में भेंट कर केदारनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण के संबंध में अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। मौके पर पहुंचे तीर्थ पुरोहितों के साथ अनुबंध भी किया गया। आयुक्त गढ़वाल मंडल ने तीर्थ पुरोहितों से कहा कि केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसमें मास्टर प्लान के तहत ही सभी पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट में सभी तीर्थ पुरोहितों से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन तीर्थ पुरोहितों के साथ है तथा उनका जो भी हक होगा वह उन्हें पूर्ण रूप से दिलाया जाएगा।



## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

**संवाददाता** चमोली। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गई। जिला मजिस्ट्रेट ने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, साफ सफाई व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता अलादिया, तहसीलदार धीरज सिंह राणा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गीताराम उनियाल, कांग्रेस के मीडिया प्रभारी रवीन्द्र नेगी, कांग्रेस के आनंद सिंह, भाजपा के गोविन्द सिंह बजवाल, आम आदमी पार्टी के अनूप रावत आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात कि प्रधानमंत्री यहां पर आ रहे: कैबिनेट मंत्री

**संवाददाता** अल्मोड़ा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं रेखा आर्य ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जागेश्वर भ्रमण के संभावित दौरे को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हेलीपैड, मार्ग समेत सभी व्यवस्थाओं को नियमानुसार पुख्ता बनाए रखना सुनिश्चित करें।



प्रेस को दिए गए बयान में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली जनसभा के लिए उन्हें प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इसलिए वह जिलों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं बल्कि विश्व के नेता हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, उस क्षेत्र का पर्यटन की दृष्टि से तेजी से विकास होता है । उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे तथा इस जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी तत्परता से लगे हुए हैं।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि पिथौरागढ़ में होने वाली जनसभा में जाने के लिए लोग उत्सुक हैं तथा इस संबंध में किए जाने वाली तैयारियों को लेकर वें लगतार तत्परता से कार्यों में जुटी हुई हैं।

इस दौरान विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा से संबधित सभी बिन्दुओं की विस्तार से की गई समीक्षा

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में गुरूवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षित उपाय करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा से संबधित सभी बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों को निर्देशित किया कि सड़कों पर चिनिहत ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता पर सुधारीकरण कार्य किए जाए। दुर्घटना संभावित स्थलों पर पैराफीट, क्रैशबैरियर एवं साइनेज लगाने को काम शीघ्र पूरा करें। सड़कों पर रोड सेफ्टी ऑडिट कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। पुलिस, परिवहन एवं एसडीएम अपने क्षेत्रान्तर्गत वाहनों की चेकिंग पर विशेष ध्यान दें। ओवर स्पीड एवं ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सड़कों पर सुरक्षात्मक कार्यो का स्थलीय निरीक्षण भी सुनिश्चित करें।

*"सपने वो नहीं, जिन्हे हम रात में सोने के बाद देखते है, पर सपने तो वो है, जिन्हे हम दिन में अपनी खुली आँखों से देखते है।" –अज्ञात।*

विचार-प्रवाह देहरादून, शुक्रवार, 6 अक्टूबर 2023
पेज थ्री
www.page3news.in

# ट्रूडो का गैरजिम्मेदार रवैया

**ट्रूडो ने कोई पहली बार इस तरह का गैरजिम्मेदार रवैया नहीं दिखाया है। पिछले दिनों जी20 की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान भी उनके रुख से यही संकेत मिला कि वह कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की हरकतों को गंभीरता से नहीं लेते।**

आरती शाह।।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के वहां की संसद में दिए गए ताजा बयान दोनों देशों के पहले से बिगड़ते रिश्तों को और बदतर ही बनाएंगे। उनका यह आरोप लगाना सचमुच अजीब है कि जून महीने में ब्रिटिश कोलंबिया में हुए एक खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ होने के 'विश्वसनीय आरोप' हैं। खुद ट्रूडो के बयान के मुताबिक वहां की एजेंसियां अभी इस मामले की जांच ही कर रही हैं। जब जांच किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है तो फिर उस आधार पर कोई नतीजा भी नहीं निकाला जा सकता। शायद इसीलिए ट्रूडो ने आरोपों को ही विश्वसनीय बता दिया। ये आरोप कनाडा के खालिस्तानी तत्व शुरू से लगा रहे हैं, लेकिन कोई सबूत नहीं दे पा रहे।

बावजूद इसके, खुद कनाडाई प्रधानमंत्री ने इस हत्या के सिलसिले में भारत का नाम ले लिया। भारत ने ठीक ही इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। लेकिन ट्रूडो ने कोई पहली बार इस तरह का गैरजिम्मेदार रवैया नहीं दिखाया है। पिछले दिनों जी20 की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान भी उनके रुख से यही संकेत मिला कि वह कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की हरकतों को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने जहां खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों को अपने नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार दिया, वहीं यह भी कहा कि वे किसी देश को इस मामले में दखलंदाजी नहीं करने देंगे। साफ है कि भारत की संप्रभुता और इसकी एकता–अखंडता जैसे महत्वपूर्ण मसले का वह अन्य मुद्दों से घालमेल कर रहे हैं।



इससे पहले 2020 में भारत में हो रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान भी उन्होंने बेवजह ही किसान आंदोलन का समर्थन कर भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का प्रयास किया था। उससे भी पहले 2018 में जब वह भारत दौरे पर आए थे तो मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में उनकी पूर्व पत्नी की एक खालिस्तानी नेता जसपाल सिंह अटवाल के साथ तस्वीर को लेकर विवाद हो गया था। पंजाब के एक पूर्व कैबिनेट मंत्री की 1986 में वेंकुवर में हुई हत्या के मामले में 20 साल जेल में बिता चुके अटवाल का नाम कनाडियाई हाईकमिशन की ओर से आयोजित डिनर की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल था, जिसे विवाद के बाद हटाया गया। हालांकि कुछ जानकार ट्रूडो के इस रवैये के पीछे उनकी चुनावी राजनीति की मजबूरियां गिनाते हैं।

संसद में दिए उनके ताजा बयान को भी फूड इन्फ्लेशन और हाउसिंग संकट के कारण घरेलू मोर्चे पर बढ़ती उनकी मुश्किलों से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन वजह चाहे जो भी हो, उनका यह रुख दोनों देशों के रिश्तों में खटास तो बढ़ाता ही जा रहा है। दोनों देश एक–एक सीनियर डिप्लोमैट को निष्कासित करने की घोषणा तो कर ही चुके हैं, करीब एक दशक के गैप के बाद शुरू हुई मुफ्त व्यापार समझौते की वार्ता भी अटक गई है।

## भाग्य–किस्मत

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** अब ऐसा नहीं है की सब कुछ पहले से निश्चित है लेकिन इस बात को भी नहीं झुठलाया जा सकता की भाग्य–किस्मत जैसी चीजे भी संसार मे कही न कही अगजिस्ट करती हैद्य आपने ये कहावत तो सुनी ही होगी की दाने दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम। यानि हम सब इंसान तो मात्र एक जरिया है करने करने वाला तो वो ईश्वर ही है वही परम शक्ति है। सेठ ने पीछे से इन दोनों भिखारियों की बात सुन ली. सेठ पहले वाले भिखारी की बातों से थोड़ा प्रभावित हो गया जिस वजह से उसने दूसरे वाले भिखारी के बारें सोचा और ये विचार किया की देखते है ईश्वर की किरपा पहले वाले भिखारी पर कैसे होती है। अमीर आदमी ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा, "कि मंदिर में दाईं तरफ जो भिखारी बैठता है वह हमेशा ईश्वर से मांगता है तो अवश्य ईश्वर उसकी जरूर सुनेगा।'

## संपादकीय

### जी20 नहीं, जी 21 कहिए

अब जब अफ्रीकन यूनियन ने जी20 को जी21 में तब्दील कर दिया है, नई दिल्ली इस वैश्विक मंच को ज्यादा इन्क्लूसिव और ज्यादा प्रासंगिक बनाने की अपनी उपलब्धि पर गर्व भरी नजर डाल सकती है। सौ फीसदी सहमति के साथ नई दिल्ली घोषणा को अपनाया जाना तो बस सोने पे सुहागा का काम कर रहा है। इस बात को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ था कि यूक्रेन मसले पर बन चुकी खाई को भारत कैसे पाटेगा। लेकिन नई दिल्ली के अब तक के स्टैंड के अनुरूप ही जी20 घोषणा ने सभी देशों से अंतरराष्ट्रीय कानूनों और बहुपक्षीय व्यवस्थाओं के मुताबिक शांति तथा स्थिरता बनाए रखने और क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुता का सम्मान करने की अपील की। इसके साथ ही मतभेदों को पाटने की भारत की क्षमता वैश्विक स्तर पर पूर्ण रूप में प्रदर्शित हो गई। एक और चीज जो प्रदर्शित हुई वह थी ग्लोबल प्लैटफॉर्म्स को साझा चुनौतियों का हल देने लायक बनाने की नई दिल्ली की क्षमता। ग्लोबल इकॉनमिक ऑर्डर को ज्यादा इन्क्लूसिव बनाने की भावना के तहत भारत, अमेरिका, पश्चिम एशिया और यूरोपीय युनियन को जोड़ने वाले एक व्यापक रेल और शिपिंग कनेक्टिविटी नेटवर्क की घोषणा की गई।

**भारत का औसत प्रदर्शन देखने के हम इस कदर आदी हो चुके हैं कि जब देश ने अपेक्षाओं की सारी हदें तोड़ते हुए अच्छा प्रदर्शन किया तो उस खबर को जज्ब करने में भी हमें थोड़ा वक्त लगा।**

# दो समानांतर संवाद

हर्ष वी. पंत।।

किसी राष्ट्र की यात्रा में ऐसे पल आते हैं, जब वैश्विक मंच पर उसका उभार कुछ इस तरह से होता है कि उसमें शक की कहीं कोई गुंजाइश नहीं होती। भारत की जी20 की अध्यक्षता ऐसा ही ऐतिहासिक पल लेकर आई है। भारत जी20 शिखर बैठक में संयुक्त वक्तव्य पर आम सहमति हासिल कर पाएगा या नहीं, इस सवाल को लेकर उदासी के सारे बादल तब अचानक छंट गए, जब बैठक समाप्त होने के काफी पहले ही सहमति का दस्तावेज सार्वजनिक कर दिया गया। भारत का औसत प्रदर्शन देखने के हम इस कदर आदी हो चुके हैं कि जब देश ने अपेक्षाओं की सारी हदें तोड़ते हुए अच्छा प्रदर्शन किया तो उस खबर को जज्ब करने में भी हमें थोड़ा वक्त लगा। यहां बात सिर्फ नई दिल्ली घोषणा पर बनी सहमति की नहीं, उस पूरे ऐटिट्यूड की है, जिससे जी20 की यह पूरी प्रक्रिया संचालित की गई।

शिखर बैठक में भारत ने अपनी वैश्विक महत्वाकांक्षा और मेगा डिप्लोमेसी की क्षमता को फिर से साबित किया। जी20 की इस प्रक्रिया के दौरान समानांतर रूप से दो संवाद साथ–साथ चल रहे थे। एक तरफ देश के अंदर आम हिंदुस्तानी घरेलू और दूसरे देशों के बीच लगातार धुंधली पड़ती रेखा को देख रहा था और इस



तरह देश के बाहरी प्रभाव को बेहतर ढंग से महसूस कर पा रहा था। दूसरा संवाद बाकी पूरी दुनिया से था, जो अतीत में अक्सर वैश्विक मंचों पर नेतृत्व करने की भारत की इच्छा और क्षमता पर सवाल उठाती रही थी।

सच पूछिए तो पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के वैश्विक व्यवहार में महत्वाकांक्षा की नई भावना भर दी है। उनकी द्विपक्षीय कूटनीति तो जगजाहिर रही ही है, ळ20 ने उन्हें और भारत को सीधे एक बड़े और व्यापक मंच पर ला दिया। इसमें नई दिल्ली को बड़ी ताकतों के आपसी संघर्ष से उपजे मौजूदा अंतरराष्ट्रीय माहौल से भी मदद मिली। तेजी से उभरते वैश्विक शक्ति संतुलन के दबाव के कारण मौजूदा बहुपक्षीय संस्थानों की कमजोरियां पूरी तरह उजागर हो चुकी हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते वैश्विक विकास का वह अजेंडा खतरे में पड़ गया, जिसके लिए महामारी के बाद के समय में दुनिया का एक बड़ा हिस्सा बेकरार था। ऐसे में चीन और पश्चिम की बढ़ती आक्रामकता न केवल पूरी दुनिया में निराशा फैला रही थी, बल्कि नेतृत्व का एक शून्य भी पैदा कर रही थी। भारत इस शून्य को भरने के लिए तेजी से आगे बढ़ा। भू–राजनीतिक ध्रुवीकरण को अच्छी तरह समझते हुए उसने वैश्विक विकास का अजेंडा ग्लोबल साउथ के नजरिए से बनाया। वैश्विक राजनीति की संरचनात्मक वास्तविकताएं कोई भारत की बनाई हुई नहीं हैं, न ही भारत इकतरफा तौर पर उन्हें बदल सकता है। लेकिन उसे ग्लोबल गवर्नेंस का अपना अजेंडा सामने रखने का कोई रास्ता तलाशना था। और, यह काम उसने पूरे भरोसे के साथ कियाय टकराव और विकास के अजेंडे के बीच की कड़ी पर फोकस बढ़ाते हुए, सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स हासिल करने में मिल रही नाकामियों को रेखांकित करते हुए, अपने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक जनकल्याण के साधन के रूप में पेश करते हुए, मल्टीलैटरल डिवेलपमेंट बैंक में सुधार की प्रक्रिया को तेज करने पर जोर बढ़ाते हुए, कम और मध्य आय वाले देशों पर कर्ज के बोझ को रेखांकित करते हुए और ग्लोबल साउथ को अपनी ग्लोबल गवर्नेंस इनीशटिव्स के केंद्र में रखते हुए।

### सूडोकू बवाल- 5297

★★★★☆

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू बवाल -5296 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## अपना ब्लॉग

### नतीजा नहीं, प्रक्रिया

**मोहन।** आज जब दुनिया की बड़ी शक्तियों के बीच तनाव बढ़ा हुआ है, इस तरह की शिखर बैठक आयोजित करके और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के तरीके पर व्यापक सहमति कायम कर के भारत ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। लेकिन नतीजे चाहे जितने भी आकर्षक लगते हों, वास्तव में पिछले कुछ महीनों में चली जी20 की प्रक्रिया ही दरअसल वह चीज है जिसने वैश्विक मध्यस्थ के रूप में भारत की संभावनाओं को रेखांकित करने का काम किया है। भारत ने विश्व व्यवस्था में अपनी साख काफी बढ़ा ली है। जी20 और भारतीय विदेश नीति दोनों का दर्जा ऊंचा उठ चुका है। इस मामले में दो बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं। जीरो उत्सर्जन के टारगेट की दिशा में अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस लॉन्च किया जाना इंटरनैशनल सोलर अलायंस के गठन के बाद भारत का दूसरा इंस्टिट्यूशनल कमिटमेंट है। उन्हें अब पहले वाली नजर से शायद ही देखा जा सके।






## कॉफी विद करण 8 टीजरः नए अंदाज में करण जौहर के चैट शो की दस्तक

एक बार फिर फिल्ममेकर करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करणश के नए सीजन का ऐलान हो चुका है। कॉफी विद करण सीजन 8 में फिर करण जौहर होस्ट की कुर्सी संभालेंगे और तमाम बॉलीवुड से लेकर साउथ की हस्तियां शो में अपने राज से पर्दा उठाएंगे। पिछला सीजन भी काफी एंटरटेनिंग रहा था। जहां सारा अली खान, जान्हवी कपूर, आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, विजय देवरकोंडा, अनन्या पांडे से लेकर सामंथा रुथ प्रभु समेत तमाम स्टार्स आए थे। अब फैंस की नजरें एक बार फिर कॉफी विद करण सीजन 8 के गेस्ट पर होगी। कॉफी विद करण सीजन 8 के टीजर में करण जौहर के डबल रोल को दिखाया गया है। वह एक बार फिर अपने अजीज दोस्तों व सितारों को शो में बुलाएंगे और उनके सीक्रेट्स से पर्दा उठाएंगे। साथ ही उन्होंने ये भी कंफर्म कर दिया है कि रैपिड फायर का धमाकेदार राउंड भी रहेगा। उनके इस सेगमेंट को हमेशा ही काफी प्यार मिला है। जहां कई बैक टू बैक सवाल होते हैं और सेलिब्रिटीज झट से जवाब देते हैं। करण जौहर के शो का नया सीजन एक बार फिर दर्शक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे। इस बार फिर डिज्नी हॉटस्टार पर कॉफी विद करण सीजन 8 प्रसारित होगा।

## विक्रांत सिंह राजपूत की नई भोजपुरी फिल्म सौतन की रिलीज डेट से उठा पर्दा

भोजपुरी की कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके मशहूर निर्माता प्रदीप सिंह, प्रतीक सिंह और निर्देशक अजय झा एक बार फिर साएथ में काम कर रहे हैं। अब ये मिलकर सौतन फिल्म बना रहे हैं। इस नई भोजपुरी फिल्म में भोजपुरी के फिटनेस आइकॉन विक्रांत सिंह राजपूत, संचिता बनर्जी और ऋतु सिंह मुख्य भूमिका में हैं। आइए सौतन फिल्म को लेकर क्या नया अपडेट आया है, बताते हैं। सौतन एक सामाजिक और पारिवारिक फिल्म है, जो भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है। फिलहाल सौतन की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस फिल्म के लिए कई दिग्गज स्टार को अप्रोच किया गया, लेकिन विक्रांत सिंह राजपूत उन सब पर भारी पड़े और वे इस फिल्म में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। सौतन में कास्ट होने पर विक्रांत सिंह राजपूत ने रिएक्ट भी किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है यह भोजपुरी सिनेमा में बड़ी फिल्म साबित हो सकती है। फिल्म की कहानी बेहद दमदार है।

## एआर रहमान ने सर्जन्स एसोसिएशन को भेजा 10 करोड़ का लीगल नोटिस



बॉलीवुड के दिग्गज म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान ने एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया को 10 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भेजा है। रहमान ने एसोसिएशन पर आरोप लगाया है कि अपने सालाना कॉन्फ्रेंस ने उन्होंने कथित तौर पर म्यूजिक डायरेक्टर के नाम और प्रतिष्ठा को बदनाम किया है। रहमान ने मानहानि के तौर पर मुआवजे के रूप में 10 करोड़ रुपये की मांग की है। एआर रहमान ने यह मांग ASICON द्वारा जारी एक कानूनी नोटिस के जवाब में किया है। ASICON का आरोप है कि साल 2018 में एआर रहमान को एसोसिएशन के 78वें वार्षिक सम्मेलन में परफॉर्म करना था, लेकिन वह नहीं पहुंच सके। इसके लिए रहमान ने कथित तौर पर रहमान ने एडवांस बुकिंग के तौर पर लिए गए 29.5 लाख रुपये भी वापस नहीं किए हैं। अपने चार पन्नों के जवाब में A R Rahman की वकील नर्मदा सम्पत ने हालांकि, इन आरोपों को खारिज किया है। कोर्ट में सौंपे गए जवाब में कहा गया है कि एआर रहमान ने एसोसिएशन के साथ कभी भी कोई कॉन्टैक्ट नहीं किया था। लेकिन फिर भी सस्ते प्रचार के लिए उनके सम्मान को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इसमें यह भी दावा किया गया कि रहमान को कभी इसके लिए एडवांस बुकिंग के तौर पर कोई भुगतान नहीं किया गया।

# रणबीर कपूर को ईडी का समन, महादेव गेमिंग ऐप मामले में होगी पूछताछ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*प्रवर्तन निदेशालय ने बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर को समन जारी किया है। उन्हें छह अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। यह पूरा मामला महादेव बुक ऑनलाइन लॉटरीश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ा हुआ है। इस ऑनलाइन बेटिंग ऐप के फेर में बॉलीवुड के 17 सितारे ईडी की रडार पर हैं। कुछ हफ्ते पहले इस केस में टाइगर श्रॉफ से लेकर सनी लियोनी, नेहा कक्कड़ और राहत फतेह अली खान जैसे दिग्गजों के नाम सामने आए थे। अब मामले में जांच आगे बढ़ते ही आलिया भट्ट के पति रणबीर कपूर से पूछताछ होनी है। ये सभी सितारे दुबई में 200 करोड़ रुपये की एक शादी में शरीक होकर मुश्किल में फंस गए हैं।*

**सेलेब्स को समन भेजना शुरू**

अवैध सट्टेबाजी के इस मामले में अब ईडी ने बड़ा कदम उठाते हुए सेलेब्स को समन भेजना शुरू कर दिया है। जहां सबसे पहला नाम रणबीर कपूर का सामने आया है। एक्टर को जांच एजेंसी ने इस मामले में पूछताछ के लिए 6 अक्टूबर 2023 यानी शुक्रवार को बुलाया है। जहां उनसे शादी में शामिल होने, परफॉर्म करने, पेमेंट से लेकर अन्य सवाल ईडी दाग सकती है।

**ईडी की छापेमारी, मिले थे 417 करोड़**

बीते महीने ईडी ने कई शहरों में छापेमारी की थी। इस रेड में 417 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम बरामद की गई थी। ये मामला तब सामने आया था जब महादेव ऐप के प्रमोटर



सौरभ चंद्राकर की शादी की जानकारी व वीडियो सामने आया था। प्रमोटर ने फरवरी में सयुंक्त अरब अमीरात में शादी की थी। जहां उन्होंने 200 करोड़ रुपये से भी ज्यादा पानी की तरह बहाए थे।

**क्यों बॉलीवुड सेलेब्स को पूछताछ के लिए बुला रही ईडी**

इस ग्रैंड वेडिंग में कई हस्तियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, सौरभ चंद्राकर की शादी में कई बॉलीवुड सिंगर्स, एक्टर्स और हस्तियों भी शामिल हुई थी। जो वीडियो सामने आया था, उसमें कई सेलेब्स साफ नजर आए थे। रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया था कि इन सेलेब्स को हवाला के जरिए करोड़ों का भुगतान किया गया था। अब ईडी इसी पेमेंट को लेकर सेलेब्स से पूछताछ करने वाली है।

# 6 साल के लिए कांग्रेस पार्टी से निकाली गईं अर्चना गौतम



*कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि अर्चना गौतम को कांग्रेस से इस साल जून में ही निष्कासित कर दिया गया था। श्न्यूज 18श से बात करते हुए अंशू ने कहा कि अर्चना को मिसकंडक्ट के आरोप में पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया था। अंशू ने न्यूज चौनल को बताया कि पार्टी ने यह फैसला मेरठ की कांग्रेस यूनिट से मिली शिकायतों के आधार पर लिया है।*

**कांग्रेस पार्टी ने अर्चना गौतम को निकाला**

अंशू ने कहा, उनका कोई भी पॉलिटिकल बैकग्राउंड भी नहीं है। फिर भी पार्टी ने उन पर भरोसा किया। उनको सम्मान दिया और उन्हें हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में भी उतारा गया था। लेकिन मेरठ यूनिट में पार्टी के कार्यकर्ताओं से गलत व्यवहार करने की लगाकार शिकायतें आ रही थीं, जिन्होंने उनका 2022 के चुनाव में सपोर्ट किया था। इसलिए, पार्टी की अनुशासन समिति ने अर्चना गौतम को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला किया।

**वायरल हुआ था लेटर**

सोशल मीडिया पर वायरल हुए कांग्रेस के लेटर में कहा गया था कि अर्चना को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। अवस्थी ने कहा कि गौतम को निष्कासित करने से पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था। नोटिस में कहा गया है कि उनके खिलाफ मेरठ इकाई के पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से लिखित शिकायतें थीं, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने पार्टी फंड होने के बावजूद कई वाहन मालिकों का बकाया नहीं चुकाया है, जिन्हें उन्होंने प्रचार के लिए काम पर रखा था।

**अर्चना गौतम ने किया पैसों का गलत इस्तेमाल**

जब बार-बार प्रयास करने के बावजूद कार मालिकों को भुगतान नहीं मिला, तो उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से शिकायत दर्ज कराई। नोटिस में कहा गया है कि गौतम पर कैम्पेनिंग के दौरान के सामान का गलत इस्तेमाल करने और बाद में उसे बेचने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं, पार्टी के एक सोर्स के हवाले से लिखा गया, श्अर्चना ने नोटिस का जवाब नहीं दिया। जब शिकायतें प्रियंका गांधी तक गईं, तो अर्चना गौतम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई।

# इस चाय को पीने से कम होता है डायबिटीज का खतरा



*डायबिटीज एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है जिसका कोई परमानेंट इलाज नहीं है। इसमें ब्लड शुगर बढ़ने लगता है जिसका कई अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। डायबिटीज के मरीज ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखकर ही स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। यही वजह है कि डॉक्टर और एक्सपर्ट शुगर के मरीजों को खाने–पीना का खास ध्यान रखने की सलाह देते हैं।*

अगर आप चाय पीते हैं और आपको डायबिटीज है, तो आपके लिए खुशखबरी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क टी पीने से ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन रखा जा सकता है और डायबिटीज का जोखिम कम किया जा सकता है। यह दावा ऑस्ट्रेलिया में एडिलेड यूनिवर्सिटी और चीन में साउथईस्ट यूनिवर्सिटी की एक नई रिसर्च में हुआ है। इस स्टडी को इसी साल हैम्बर्ग में द यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज (ईएएसडी) की वार्षिक बैठक में साझा किया गया था।

**डार्क टी क्या है?**

डार्क टी एक प्रकार की पूरी तरह से ऑक्सीडाइज्ड टी है जो माइक्रोबियल फर्मेशन से गुजरती है। इसे डार्क टी कहा जाता है क्योंकि पत्तियां ऑक्सीडाइज्ड होती हैं और रंग बदलती हैं। डार्क टी का एक बड़ा उदाहरण चीन में पु–एर्ह है। डार्क टी, ब्लैक टी से अलग होती है। ब्लैक टी ज्यादा काली चाय ऑक्सीडाइज्ड होती है, ग्रीन टी अनऑक्सीडाइज्ड होती है, पीली चाय थोड़ी फर्मेंटेड होती है और डार्क टी फर्मेशन के बाद होती है।

**1923 लोगों को किया गया शामिल**

क्रॉस–सेक्शनल अध्ययन में 1,923 वयस्क प्रतिभागियों को शामिल किया गया – उनमें से 436 डायबिटीज से पीड़ित थे, 352 को प्रीडायबिटीज थी, और 1,135 में नॉर्मल ब्लड शुगर लेवल था। शोधकर्ताओं ने चाय पीने की आदत और प्रकार, पेशाब में ग्लूकोज, इंसुलिन रेसिस्टेंट और ग्लाइसेमिक आदि की जांच की।

**डार्क टी डायबिटीज से बचाने में कैसे सहायक**


अध्ययन के अनुसार, डार्क टी पीने से दो कारणों से डायबिटीज के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। सबसे पहले, यह इंसुलिन रेसिस्टेंट में सुधार करता है जिससे आपका शरीर आपके ब्लड शुगर को बेहतर ढंग से कंट्रोल करता है। दूसरा, यह आपके पेशाब में ग्लूकोज बहने को बढ़ाने में योगदान देता है।

**डार्क टी के फायदे**

शोधकर्ताओं ने पाया कि कभी चाय न पीने वालों की तुलना में, डार्क टी पीने वालों में प्रीडायबिटीज का जोखिम 53ः कम था और टाइप 2 डायबिटीज का जोखिम 47 प्रतिशत कम था। उम्र, लिंग, जातीयता और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) जैसे डायबिटीज जोखिम कारकों को ध्यान में रखा गया। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी चाय में शुगर या स्वीटनर न मिलाएं, अन्यथा कोई फायदा नहीं होगा।

# 1 चम्मच शहद में मिलाएं मेथी के दाने, फटाफट जलेगी पेट की चर्बी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*मेथी के दाने और पत्ते दोनों ही सेहत का खजाना हैं। यह एक गुणकारी औषधि है जिसका विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उपयोग किया जाता है। मेथी दानों में बीटा–ग्लूकोसिन होता है, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। मेथी दानों के सेवन से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। इनमें फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है और कब्ज को दूर करता है। इसके सेवन से दिल को स्वस्थ रखने, शरीर से विषैले तत्वों को निकालने, मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने और तनाव को कम करने में मदद मिलती है।*

**मेथी के दानों के अनगिनत फायद**

इस तरह मेथी के दानों के अनगिनत फायदे हैं, ठीक उसी तरह शहद के भी तमाम गुण और फायदे हैं। शहद के सेवन से सर्दी और खांसी का इलाज करने, बूढ़ापे के लक्षण कम करने, त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाने, पाचन क्रिया को सुधारने में आदि में मदद मिलती है। लेकिन जब इन मेथी और शहद का एक साथ सेवन किया जाता है, तो इस कॉम्बिनेशन की ताकत दोगुना बढ़ जाती है। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा आपको मेथी–शहद खाने के फायदे बता रही हैं।

**वजन फटाफट होगा कम**





मेथी और शहद का एक साथ सेवन करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। मेथी में फाइबर होते हैं शहद पेट को दुरुस्त रखता है और यही वजह है कि वजन कम करने वालों के लिए यह एक बढ़िया ऑप्शन है।

**डायबिटीज कंट्रोल में करने में सहायक**

मेथी दाने और शहद का मिश्रण ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। यह मिश्रण डायबिटीज के लिए एक अच्छा नैचुरल उपाय हो सकता है।

**दिल को स्वस्थ रखने के बढ़िया उपाय**

मेथी दानों में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो ह्रदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, और शहद का उपयोग ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।

**गैस और पाचन स्वास्थ्य के लिए रामबाण दवा**

मेथी दाने गैस को कम करने और पाचन स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकते हैं, और शहद पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है।

**शरीर की गंदगी होगी दूर**

मेथी दानों और शहद का मिश्रण शरीर की शुद्धि को बढ़ावा देता है और विषैले तत्वों को निकालने में मदद कर सकता है। यह मिश्रण बालों के लिए भी फायदेमंद है और उन्हें मजबूती और चमकदार बना सकता है।

**मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद**

शहद और मेथी के सेवन से मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद मिल सकती है और तनाव को कम किया जा सकता है। साथ ही यह कॉम्बिनेशन स्किन हेल्थ के लिए भी बढ़िया है।




## मुंह पर दिख रहे लक्षण चीख–चीखकर बताते हैं खून में बढ़ गया कोलेस्ट्रॉल


कोलेस्ट्रॉल बढ़ना एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इस समस्या पर काबू नहीं पाने से आपको नसों के रोग, दिल के रोग, हार्ट अटैक और यहां तक कि स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियों का खतरा होता है। कोलेस्ट्रॉल एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो खून में जमा होता है और इसका लेवल बढ़ने से नसों में ब्लॉकेज हो सकती है। जेन्थोमास– कई बार पलकों पर मुलायम उभार हो जाता है, जो हल्का पीला सा नजर आता है और छूने में बहुत मुलायम होता है, जिसे जेन्थोमास कहा जाता है। इस स्थिति में पलकों की त्वचा के नीचे मोम जमा हो जाता है। कॉर्नियल आर्कस– कई बार कॉर्निया के चारों ओर एक पतली सफेद रेखा दिखाई देती है। ऐसा माना जाता है कि कॉर्नियल आर्कस हाई कोलेस्ट्रॉल का एक बड़ा संकेतक है। सोरायसिस– यदि आपको अपने चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर त्वचा पर लाल और खुजली वाले धब्बे दिखाई दें तो तुरंत इसका इलाज कराएं। इसे सोरायसिस कहा जाता है। यह उन लोगों में भी देखी जाती है जिनके खून में कोलेस्ट्रॉल लेवल अधिक होता है। अपनी डाइट में फाइबर वाले फूड्स जैसे कि अनाज, फल, सब्जियां शामिल करें, क्योंकि यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकता है।

## घर पर ऐसे साफ करें ऊनी कपड़े, नहीं होंगे जरा भी खराब


ठंड का मौसम आने से पहले ही गर्म कपड़ों को साफ करने का काम घरों में शुरू हो जाता है। ऐसे में यदि आप अपने ऊनी स्वेटर या जैकेट को ड्राई क्लिनिंग के लिए दुकान पर देने का विचार कर रहे हैं, तो रुक जाइए। यहां हम आपको कुछ ऐसी जरूरी बातों को बता रहे हैं, जिससे आपके ड्राई क्लिनिंग के सारे पैसे बच जाएंगे और ठंड के सारे कपड़े भी साफ हो जाएंगे वो भी बिना किसी डैमेज के। लेकिन उससे पहले आपके लिए वुलन कपड़ों की सफाई से जुड़ी कुछ चीजों को जान लेना जरूरी है। ऊनी कपड़ों को ड्राई क्लीन कराने से बेहतर है, इन्हे आप घर ही धोएं। ऐसा इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि ड्राई क्लीनिंग में यूज होने वाले केमिकल ऊनी कपड़ों को जल्दी खराब कर देते हैं। ऊनी कपड़ों को घर पर कुछ सावधानी के साथ हाथ से या मशीन में बहुत ही आसानी से धोया जा सकता है। यदि आपके गर्म कपड़ों पर कोई दाग ना लगा हो और इससे कोई गंध ना आ रही हो तो आप इसे 3–4 बार यूज करने के बाद धो सकते हैं। इसके विपरीत दाग या पसीने की बदबू आने पर ऊनी कपड़ों को तुरंत धोना जरूरी होता है।

## खुलकर दिखाओ बत्तीसी, दांतों पर जमी पीली परत उखाड़ फेंकेंगे ये नुस्खे





पीले दांत या काले दांत कई बार हमें किसी के साथ बातचीत करते समय या किसी दूसरे व्यक्ति के सामने हंसते समय शर्मिंदा कर देते हैं। दांतों का पीला होना एक आम समस्या है जिससे लाखों लोग प्रभावित होते हैं। पीले दांत कई कारणों से होते हैं जिनमें मिठाइयों का सेवन और दांतों की सही तरह देखभाल नहीं करना है। रोजाना खाई जाने वाली चीजों के कण दांतों पर जमा होते रहते हैं जिससे प्लेक बन जाता है और यही पीले दांतों का सबसे बड़ा कारण है। वैसे तो पीले दांतों को सफेद करने के लिए आप डेंटिस्ट के पास जा सकते हैं लेकिन आप कुछ आयुर्वेदिक उपाय आजमाकर भी अपने पीले दांतों को मोती की तरह चमका सकते हैं। तुलसी की 7 पत्तियां लें और उन्हें कुचलकर बारीक पेस्ट बना लें। कुछ मात्रा में सूखे संतरे के छिलके लें और उन्हें पीसकर पतला पाउडर बना लें। ऊपर बताए गए दोनों चरणों का पालन करने के बाद। दोनों सामग्रियों को मिलाकर बारीक पेस्ट बना लें इस पेस्ट को सीधे अपने दांतों पर लगाएं और 20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर सामान्य पानी से अपना मुंह धो लें। सफेद दांतों के लिए इस घरेलू उपाय का कोई साइड इफेक्ट नहीं है, इसलिए व्यक्ति इस उपाय को दिन या सप्ताह में कई बार कर सकता है।





खेत में होने पर गन्ने के साथ करती थी अभ्यास

31 वर्षीय रानी को खेल में ले आने का श्रेयस उनके भाई उपेन्द्र सिंह को जाता है, जिन्होंने 2009 में उनका अभ्यास शुरू करवाया। उपेन्द्र बताते हैं– उसने अपने कोच को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जब वह स्टेडियम में नहीं होती थी, तो वह अपने परिवार के खेत में गन्ने के साथ अभ्यास करती थी, जिससे गांव वाले उसका मजाक उड़ाते थे। लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया।

## पारुल चौधरी और अन्नू रानी यहां तक पहुंचने के पीछे लंबा संघर्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेरठ। बमुश्किल 15 किमी की दूरी पर स्थित मेरठ जिले के दो गांव जश्न में डूब गए, क्योंकि उनकी दो बेटियों ने एशियन गेम्स में कमाल कर दिया। इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने चीन में चल रहे एशियाई खेलों में क्रमशः महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ और भाला फेंक स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। दोनों एथलीटों को यहां तक पहुंचने के पीछे लंबा संघर्ष है। दोनों को अपने रिश्तेदारों और गांव के बुजुर्गों के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जो महिलाओं को मर्दाना खेलों में शामिल होने से नाराज थे। हालांकि, अब लोगों की सोच बदल चुकी है और महिलाओं को प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।
उनके पिता अमरपाल सिंह ने कहा– अन्नू (रानी) ने इन हिस्सों में लोगों के सोचने के तरीके को बदल दिया है जब उसने भाला फेंक इवेंट में हिस्सा लेने का फैसला किया तो यह आसान नहीं था।
28 साल की पारुल चौधरी के साथ भी ऐसी ही कहानी थी। उन्हें गांव में इतने कठिन समय का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसका सब कुछ सुखदाई रहा। आज मेरी बेटी एक आइकन है।

# वनडे क्रिकेट लड़ रहा अस्तित्व की लड़ाई

**क्रिकेट**

## वर्ल्ड कप से क्या बदलेगी 52 साल पुराने फॉर्मेट की किस्मत?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। आधुनिक क्रिकेट को एक ऐसे खेल के रूप में समझा जाता है जो लगातार खुद को फिर से मजबूत करने और अपडेट करने की कोशिश कर रहा है। टेस्ट मैच हमेशा पांच दिनों में नहीं खेले जाते थे। ओवर हमेशा छह गेंदों के नहीं होते थे। दूसरे विश्व युद्ध के बाद के युग में खेल में कई बदलाव हुए और इसमें एक वनडे क्रिकेट का आगमन रहा। 1960 के दशक में इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में घटती उपस्थिति का हल निकालने के लिए एक सीमित ओवरों के टूर्नामेंट, जिलेट कप की शुरुआत की गई थी। लेकिन दुनिया का पहला वनडे मैच 1971 में ही खेला गया था, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच। भारत ने 1974 में डेब्यू किया। हालांकि, बीसीसीआई समेत भारत



में कुछ लोग सीमित ओवरों के क्रिकेट से प्रभावित हुए क्योंकि स्टेडियमों के बाहर टेस्ट मैच की कतारें मूवी ब्लॉकबस्टर की तुलना में बड़ी थीं। वनडे इस साल 52 साल का हो गया है और मिड लाइफ क्राइसिस से जूझ रहा है। टेस्ट क्रिकेट को विरासत की तरह बचा कर रखा गया है। टी20 में बड़ी कमाई होती है। वनडे पहचान से महरूम है। यह प्रारूप खेल में गति और रोमांच लाने के लिए बनाया गया था। विडंबना यह है कि अब इसे बहुत अधिक स्थिर और पूर्वानुमानित माना जाता है। आंकड़े बताते हैं कि यह टूर कैलेंडर में जगह खो रहा है। बहरहाल, ओटीटी पर मैचों की मुफ्त लाइव स्ट्रीमिंग और क्रिकेट के आदी भारत में अनुमानित 750 मिलियन स्मार्टफोन उपलब्ध होने से टीआरपी फिर से ऊंची होने की संभावना है। वनडे की मौत की अफवाहें बढ़ा–चढ़ाकर बताई गई हैं। लेकिन यह उस समय पर जी रहा है। इसका भाग्य जीवन और परिवर्तन का एक रूपक है।

**टी20 की वजह से वनडे पिछड़ा** 2011 तक, भारत 1.8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया था। बीसीसीआई विश्व क्रिकेट पर राज करना शुरू कर दिया था, वर्ल्ड कप में कप अभी भी भारत सह–मेजबान था। लेकिन वनडे को टी20 से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था। बीसीसीआई ने शुरुआत में इस नए खिलाड़ी को नजरअंदाज कर दिया था। लेकिन 2007 में भारत की टी20 विश्व कप जीत के साथ पता चल गया कि भविष्य को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। जी के स्वामित्व वाली आईसीएल को भी बेअसर करने की जरूरत थी। नतीजतन, आईपीएल 2008 में बनाया गया और जल्द ही बीसीसीआई कैलेंडर पर प्रीमियम आइटम बन गया।

# साउथ अफ्रीका को वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा दावेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। विश्व कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से भारत की धरती पर हुआ। अपनी ही सरजमीं पर इस मेगा इवेंट में हिस्सा लेने जा रही रोहित की पलटन को कई पूर्व खिलाड़ियों ने खिताब का प्रबल दावेदार बताया है। वहीं, काफी लोगों का मानना है कि विश्व कप की ट्रॉफी इंग्लैंड या फिर ऑस्ट्रेलिया उठा सकती है। हालांकि, भारत के पूर्व गेंदबाज जहीर खान की राय एकदम अलग है। जहीर ने साउथ अफ्रीका पर अपना दांव खेला है। उनका कहना है कि टेंबा बावुमा की कप्तानी वाली टीम काफी संतुलित नजर आ रही है।
**जहीर ने किस टीम पर खेला दांव?:** मुंबई में एक इवेंट के दौरान बातचीत करते हुए जहीर

जहीर खान ने विश्व कप 2023 को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की

खान ने कहा कि हर कोई वर्ल्ड कप के लिए भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया को फेवरेट बता रहा है, लेकिन साउथ अफ्रीका की टीम हर किसी को हैरान कर सकती है। जहीर का कहना है कि साउथ अफ्रीका की टीम काफी संतुलित नजर आ रही है, जिसके चलते टीम टूर्नामेंट में लंबा सफर तय कर सकती है।
**अहस्ट्रेलिया को चटाई थी साउथ अफ्रीका ने धूलः** वर्ल्ड कप 2023 के आगाज से पहले साउथ अफ्रीका बेहतरीन फॉर्म में है। टेंबा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 3–2 से पटखनी दी थी। सीरीज




के चौथे मुकाबले में साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों ने जमकर तबाही मचाते हुए स्कोर बोर्ड पर 416 रन लगा डाले थे।
टीम की ओर से हेनरिक क्लासेन ने 83 गेंदों पर 174 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। सीरीज के पहले एकदिवसीय मैच गंवाने के बाद साउथ अफ्रीका ने अगले तीन मैचों में जोरदार प्रदर्शन करते हुए सीरीज को अपने नाम किया था।

## धोनी ने अपने नए लुक्स से बढ़ाया फिल्म इंडस्ट्री का पारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की दीवानगी किसी से छुपी नहीं है। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान एमएस धोनी इन दिनों अपने नए लुक के कारण चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। एमएस धोनी ने पुराने दिन याद दिलाते हुए अपने बाल बढ़ाए और एक शानदार हेयर स्टाइल लिया हुआ है, जो फैंस को काफी रास आ रहा है। इस बीच मुंबई में एमएस धोनी और जाने माने एक्टर राम चरण की मुलाकात हुई। इन दोनों सेलिब्रिटीज का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। राम चरण ने एमएस धोनी से मुलाकात पर खुशी जाहिर की और सीएसके के कप्तान को भारत का गौरव करार दिया। आरआरआर फिल्म के स्टार राम चरण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एमएस धोनी के साथ फोटो शेयर किया और एक शानदार कैप्शन लिखा। राम चरण ने फोटो शेयर करने के साथ कैप्शन लिखा, भारत के गौरव एमएस धोनी से मिलकर बहुत खुशी हुई।

## न्यूज डायरी



### दीपिका–हरिंदर ने स्क्वैश में किया कमाल, भारत को दिलाया गोल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगझाऊ। भारत की दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू ने फाइनल में मलेशिया की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर स्क्वैश मिक्स्ड डबल्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। दीपिका और हरिंदर ने फाइनल में आइफा बिंटी अजमन और मोहम्मद सयाफिक बिन मोहम्मद कमल को 35 मिनट में 11–10 11–10 से हराया। दूसरे गेम में एक समय भारतीय जोड़ी आसान जीत की ओर से बढ़ रही थी लेकिन इसके बाद उनकी एकाग्रता टूटी जिससे मलेशिया की जोड़ी मुकाबले को करीबी बनाने में सफल रही। मलेशिया की जोड़ी ने 3–9 के स्कोर पर लगातार सात अंक से 10–9 की बढ़त बनाई लेकिन दीपिका और हरिंदर ने धैर्य बरकरार रखते हुए लगातार दो अंक के साथ जीत दर्ज की। एशियाई खेलों में संभवतरू अंतिम बार खेल रही दीपिका ने अपने अभियान का अंत दो पदक के साथ किया। वह ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली महिला टीम का भी हिस्सा थीं। 32 साल की यह खिलाड़ी चार एशियन गेम्स में छह पदक जीत चुकी हैं, जिसमें एक गोल्ड, एक सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

### वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया टीम से हारेगा भारतः एडम गिलक्रिस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से होने जा रहा है। अपनी धरती पर विश्व कप खेलने के चलते भारतीय टीम को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कई पूर्व क्रिकेटर्स टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने की भविष्यवाणी भी कर चुके हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि भारत 50 ओवर के वर्ल्ड कप के फाइनल में तो पहुंचेगा, लेकिन रोहित की पलटन का वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना फिर से अधूरा रह जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने एक्स अकाउंट पर वर्ल्ड कप 2023 के आगाज से पहले ट्वीट करते हुए कहा कि उनके हिसाब से भारत के साथ फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया खेलेगी। गिलक्रिस्ट के अनुसार, टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में कंगारू टीम रोहित की पलटन को पटखनी देते हुए वर्ल्ड चैंपियन बनेगी। गिलक्रिस्ट ने लिखा, फ्रैंस वर्ल्ड कप के आगाज से पहले सभी टीमों को मेरी तरह से ऑल द बेस्ट। काफी यादें जुड़ी हुई हैं। मेरे हिसाब से ऑस्ट्रेलिया भारत को फाइनल में मात देगी। बाकी आपके कमेंट्स का स्वागत है। वर्ल्ड कप 2023 के आगाज से ठीक पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई थी। भारतीय टीम का प्रदर्शन इस सीरीज में बेहद उम्दा रहा था और केएल राहुल की कप्तानी में टीम इंडिया ने पहले दो वनडे मैचों में कंगारू टीम को पटखनी दी थी। हालांकि, पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया सीरीज का आखिरी मुकाबला जीतने में जरूर सफल रही थी।

### दिल खुश कर देगा जो रूट के बल्ले से निकला सिक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 का आगाज हो चुका है। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ हो रही है। कीवी टीम ने टॉस जीतने के बाद इंग्लिश टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया है। अहमदाबाद में खेले जा रहे इस मुकाबले में जो रूट अपनी बल्लेबाजी से रंग जमा रहे हैं। ट्रेंट बोल्ट की रफ्तार भरी गेंद पर रूट के बल्ले से निकला एक सिक्स सोशल मीडिया पर जमकर ट्रेंड कर रहा है।
दरअसल, टॉस गंवाने के बाद पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है। टीम ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए हैं। जॉनी बेयरस्टो 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे, तो डेविड मलान के खाते में सिर्फ 14 रन आए। हालांकि, नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे जो रूट पहली गेंद से ही लय में दिखाई दे रहे हैं। इंग्लैंड की पारी के 11वें ओवर में ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर जो रूट ने जोरदार रिवर्स स्कूप शॉट लगाते हुए छह रन बटोरे। बोल्ट के हाथ से निकली रफ्तार भरी गेंद को रूट ने बेहद आसानी के साथ विकेटकीपर के सिर के ऊपर से बाउंड्री लाइन के पार भेज दिया। रूट का अनोखा शॉट देख खुद ट्रेंट बोल्ट भी बेहद हैरान रह गए। इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले में अपने स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के बिना मैदान पर उतरी है।

पेज थ्री देहरादून

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक करते हुए रमेश पोखरियाल निशंक।



देहरादून, शुक्रवार, 6 अक्टूबर 2023

# हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम निशंक ने की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में गुरुवार को वन विभाग मुख्यालय के मंथन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में सांसद ने विभागवार केंद्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए चालू एवं अधूरे निर्माण कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने एवं सड़क निर्माण में अधिग्रहण काश्तकारों की भूमि का मुआवजा राशि वितरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही गत बैठक में समिति द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई समस्याओं के निस्तारण को लेकर अपनी मांगे एवं शिकायते दर्ज कराई गई थी जिसके अनुपालन में सम्बन्धित विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण हेतु की गई कार्रवाई का ब्यौरा समिति को दिया गया।

### किसानों की जमीन दिलाने की डील कर 1.60 करोड़ रुपये हड़पे

**संवाददाता** देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र के बिष्ट गांव में जमीन दिलाने की डील कर एक महिला ने कारोबारी से 1. 60 करोड़ ठग लिए। आरोपी ने कई किसानों की जमीन दिलाने की एवज में रकम दी। उसने किसानों को रकम देने की फर्जी रिसीविंग बनाकर भी पीड़िता को दी। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ मसूरी अनिल जोशी ने बताया कि राकेश बत्ता निवासी महंत रोड, लक्ष्मण चौक ने तहरीर दी। उन्होंने बताया कि आरोपी मानसी चतुर्वेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सोच के फेस्टिव 23 कलेक्शन त्योहार के साथ आनंद लें

**संवाददाता** देहरादून। सोच, महिलाओं के लिए सबसे बड़ा, प्रासंगिक इवनिंग एथनिक वियर ब्रांड, अपने बहुप्रतीक्षित उत्सव कलेक्शन, ष्त्योहारष् को पेश करते हुए रोमांचित है। यह कलेक्शन पारंपरिक प्रिंट्स को समकालीन डिजाइनों के साथ सहजता से मिश्रित करके सीजन के सार को समाहित करता है, एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है जो उत्सव की भावना को उजागर करता है।

### आईसीआईसीआई बैंक ने लॉन्च किया फेस्टिव बोनांजा

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई बैंक ने आज त्योहारी सीजन की शुरुआत में अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स, छूट और २६,००० रुपये तक के कैशबैक के साथ फेस्टिव बोनांजा को लॉन्च करने की घोषणा की। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, रूपे क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यूपीआई और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं।

# पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी में प्रशिक्षण से राज्य में बढ़ेगें रोजगार के अवसर: सीएम

**समझौता**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में किया गया समझौता ज्ञापन

■ समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड और स्विस एजुकेशन ग्रुप के मध्य किया गया एमओयू

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में गुरूवार को सचिवालय में समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड और स्विस एजुकेशन ग्रुप, स्विटजरलैण्ड के मध्य समझौता ज्ञापन किया गया। उत्तराखण्ड में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान के लिए राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी एवं स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिराज आर्टिनियन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। स्विस एजुकेशन ग्रुप द्वारा राज्य में विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को बेहतर बनाने में भी सहयोग दिया जायेगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में 09वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए यह समझौता आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में इन दोनों क्षेत्रों में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण से दक्षता हासिल कर हमारे विद्यार्थियों को रोजगार के अनेक अवसर मिलेंगे। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के साथ ही ईको टूरिज्म, वैलनेस को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में भी राज्य को काफी प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। इस क्षेत्र में भी आने वाले समय में राज्य में अनेक संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में स्विट्जरलैंड के साथ हुए इस समझौते में अहम भूमिका निभाने पर अभय दास महाराज का आभार व्यक्त किया। लगभग 04 माह पूर्व इन क्षेत्रों में राज्य को सहयोग देने के लिए मुख्यमंत्री एवं अभय दास महाराज के बीच चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा में लाखों श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड आते हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि 12 माह श्रद्धालु एवं पर्यटक बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के धार्मिक और पर्यटक स्थलों में आयें, इसके लिए मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन पर तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। इसके तहत प्रथम चरण में 16 मन्दिर चिन्हित कर कार्य शुरू किये जा चुके हैं।

अभयदास महाराज ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र का मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड आध्यात्म का केन्द्र है। विदेशों में उत्तराखण्ड आध्यात्म के केन्द्र खोलने की दिशा में कार्य करेगा, तो इसमें रोजगार की काफी संभावनाएं हैं।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, स्विस एजुकेशन ग्रुप से सूर्य प्रताप सिंह भाटी, अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती उपस्थित थे।

### पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए हुआ समझौता

सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन ने कहा कि 09वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए यह समझौता हुआ है। स्विस एजुकेशन ग्रुप की फैकल्टी द्वारा स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। स्विट्जरलैंड में भी स्विस एजुकेशन ग्रुप द्वारा राज्य के स्कूली बच्चों को इन क्षेत्रों में एक–एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# आम जन को तय समय पर ऋण उपलब्ध करवाएं बैंक

बैठक

■अपर मुख्य सचिव ने की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 86वीं बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 86वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने नाबार्ड द्वारा प्रकाशित 'स्टेट लेवल बैंकिंग प्लान ऑन गोट फार्मिंग' नामक पुस्तिका का विमोचन किया।



इस दौरान अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि केंद्र एवं राज्य द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण संबंधित योजनाओं के अंतर्गत बैंक एवं संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर आम जन को तय समय पर ऋण उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा समस्त बैंक लम्बित ऋण आवेदन पत्रों का तय समय पर निस्तारण करें। विभिन्न योजनाओ के अंतर्गत ऋण आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु बैंक, बैंक सखी एवं विभाग का सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने कहा ऋण आवेदन के क्षेत्र पर सभी बैंक नो–पेंडेंसी के वर्क कल्चर को अपनाएं। बैंकों द्वारा जिन भी ऋण आवेदन पत्रों को अस्वीकारा गया हो, उनका पुनः आंकलन किया जाए।

अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने निर्देशित करते हुए कहा कि बैंक अनुचित कारणों से ऋण आवेदन पत्रों को निरस्त ना करें। त्रुटियों के निराकरण करने हेतु आवेदकों से सम्पर्क करें तथा ऋण आवेदन पत्रों का निष्पादन करें। रोजगार सृजन ऋण योजनाए पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, एन. यु.एल.एम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे) योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, पीएम स्वानिधि योजना में तय किए गए निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करें। जिससे लोगो को रोजगार के अवसर प्रदान हो।

### प्रत्येक कार्य की समयसीमा निर्धारित कर ली जाएः सीएस

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में जोशीमठ में आपदा जोखिम न्यूनीकरण से सम्बन्धित होने वाले कार्यों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जोशीमठ में ढलान स्थिरीकरण, पेयजल, सीवरेज, जल निकासी आदि कार्यों की डीपीआर शीघ्र तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआर तैयार किए जाने से लेकर कार्य शुरू से पूर्ण होने तक की प्रत्येक कार्य की समयसीमा निर्धारित कर ली जाए। सभी कार्य समय से पूर्ण हों इसके लिए संबंधित विभागों के सचिवों द्वारा साप्ताहिक अनुश्रवण किया जाए। कहा कि वे स्वयं भी पाक्षिक रूप से कार्यों का अनुश्रवण करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि जोशीमठ क्षेत्र में रेट्रोफिटिंग का कार्य करने हेतु कंसल्टेंट और विशेषज्ञों को शामिल किया जाए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।